राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल की विश्व आदिवासी दिवस पर शुभकामनाएं

जयपुर, 8 अगस्त। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने देश और प्रदेशवासियों को विश्व आदिवासी दिवस (9 अगस्त) की बधाई एवं शुभकामना दी है।

राज्यपाल श्री मिश्र ने इस अवसर पर वनवासी बंधुओं की लोक संस्कृति एवं लोक परम्परा को जीवंत बनाए रखते हुए उनकी सर्वांगीण प्रगति सुनिश्चित किए जाने का आह्वान किया है।

———

अगस्त क्रांति दिवस पर राज्यपाल ने स्वाधीनता सेनानियों को नमन किया

जयपुर, 8 अगस्त। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने अगस्त क्रांति दिवस (9 अगस्त) के अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम में सम्मिलित रहे सभी ज्ञात–अज्ञात स्वाधीनता सेनानियों को नमन किया है।

राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा कि आज ही के दिन महात्मा गांधी ने 1942 में करो या मरो का नारा देकर आजादी के लिए निर्णायक आंदोलन की शुरुआत की थी। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर हमें भी देश के विकास में भागीदार बनने का संकल्प लेना चाहिए।

———